भर्ती हेतु सूचना
वरिष्ठ परामर्शदाता–गुणवत्ता सुधार

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को आरंभ किए जाने के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले व्यक्तियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जबकि सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है। इन स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक जारी किए हैं। एनएचएसआरसी, डिजाइन एवं गुणवत्ता मापन प्रणाली में सहयोग करने, प्रशिक्षण देने, प्रेरित करने, कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का स्वतंत्र रूप से आयोजन करने, फील्ड दौरों के दौरान टीम का नेतृत्व करने जैसे विविध कार्य करने और आवश्यकतानुसार कार्यक्रम के हित में अन्य कार्य संपादित करने के लिए तीव्रबुद्धि और प्रतिबद्ध पेशेवरों से क्यूआई टीम में शामिल होने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

पदग्राही का कार्य बौद्धिक रूप से चुनौतीपूर्ण और उत्प्रेरक है, क्योंकि कोई भी दो परिस्थितियां एक जैसी नहीं होती। उसे स्वयं पहल करने वाला और अभिप्रेरित होना चाहिए, और किसी पर्यवेक्षण के बिना कार्य करने की क्षमता होनी चाहिए और अत्यधिक यात्रा के लिए तैयार होना चाहिए।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। एनएचएसआरसी की अलग–अलग क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जनस्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे। यह, स्वास्थ्य प्रणाली के व्यापक सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी का उपयोग करने, और स्वास्थ्य सेवाओं के सार्वजनीकरण की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर वरिष्ठ परामर्शदाता–गुणवत्ता सुधार के पद पर भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिकाएं औ रदायित्वः

- टीम में कार्य करना पसंद हो।
- अस्पताल और सार्वजनिक स्वास्थ्य गुणवत्ता एवं परिचालन प्रबंध से संबंधित तकनीकी दस्तावेजों और रिपोर्टों के मसौदे तैयार करने में योगदान करना।
- तकनीकी ब्यौरे, रिपोर्टें, प्रकरण अध्ययन इत्यादि सहित प्रचार–प्रसार सामग्रियों के लेखन में योगदान करना।
- राज्यों और जिलों की गुणवत्ता इकाइयों के संचालन में राज्यों और जिलों को तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों में स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्ता से संबंधित तकनीकी दस्तावेजों और रिपोर्टों की समीक्षा करने में योगदान करना।
- कम निष्पादन वाले राज्यों/जिलों/शहरों में पर्यवेक्षण और समवर्ती निगरानी करना।
- गुणवत्ता आश्वासन और तत्संबंधी गतिविधियों के लिए राज्य, जिला और स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर क्षमता विकास करना।

- पदग्राही के प्रमुख दायित्वों में राज्यों और जिलों की यात्रा करना और गुणवत्ता आश्वासन (क्यूए) प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल होगा, अतः अभ्यर्थी के पास भाषा (हिंदी और अंग्रेजी)–मौखिक एवं लिखित दोनों पर उत्कृष्ट नियंत्रण सहित प्रशिक्षण देने का कौशल होना चाहिए।
- राज्यों, जिलों और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों की यात्रा करने का इच्छुक।
- आंतरिक और बाह्य लेखा–परीक्षाओं के आयोजन में सहयोग करना।
- औषधि एवं रसद खरीद प्रणाली की समीक्षा करना।
- सलाहकार–गुणवत्ता सुधार द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य करना।

योग्यताएं एवं अनुभवः

- किसी प्रतिष्ठित संस्थान से अस्पताल प्रबंध में दो वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि (या समकक्ष) सहित किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से चिकित्सा/दंत चिकित्सा/आयुष में स्नातक उपाधि।
- स्नातकोत्तर उपाधि के उपरांत न्यूनतम पांच वर्षों का कार्य अनुभव, जिसमें से न्यूनतम दो वर्ष किसी सरकारी अस्पताल में कार्य करने का अनुभव, और एसक्यूएसी/राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करते हुए एक साथ कई स्वास्थ्य केंद्रों में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) के कार्यान्वयन के लिए प्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने का तीन वर्षों का अनुभव।
- राज्यों की अत्यधिक यात्रा करने की इच्छा और अच्छा स्वास्थ्य, यात्रा की अवधि महीने में 50 से 60 प्रतिशत समय तक हो सकती है।
- उन अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी, जिनके पास स्वास्थ्य गुणवत्ता से संबंधित कार्यों के आलेख प्रकाशित हुए हों और/या जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर कार्य की प्रस्तुति दी हो।

उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रकाशित कार्य या विशिष्ट सुससंगत कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 50 वर्ष (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने को इच्छुक।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 99,000/– रु. से 1,43,000/– रु. के बीच

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 20 अगस्त, 2018 तक nhsrc.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।